RBK School, Mira Road
(Managed by Babubhai Kanakia Foundation)
School Code: MA069

FIRST PRELIM 19-20

Std: X
Date: 06/12/19
Subject: HINDI
Marks: 80
Dur. : 3 Hrs

SECTION `A' (40 MARKS )

Attempt all questions

**Question 1**

**निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में हिन्दी में संक्षिप्त लेख लिखिए |** 15

1. "विज्ञान की अनुपम देन चलचित्र मनोरंजन का सर्वाधिक लोकप्रिय साधन है | चलचित्रों की उपयोगिता एवं गुण–दोषों की चर्चा करते हुए अपने विचारों को व्यक्त कीजिए |

2. आपकी प्रिय ऋतु कौन - सी है और क्यों ? इस ऋतु में मनाए जाने वाले किसी त्योहार का महत्त्व बताइए |

3. "आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में रिश्ते- नातों की अहमियत खत्म होती जा रही है"- इसके क्या कारण हैं ? आप इन रिश्तों को सँजोने के लिए क्या करेंगे ?

4. एक मौलिक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो - 'सब दिन होत न एक समान '

5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए |



Scanned by CamScanner

## Question 2

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में पत्र लिखिए | 7

1. वन विभाग दवारा लगाए गए वृक्ष सूखते जा रहे हैं | इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए नगर - निगम को पत्र लिखिए |

2. आपका मित्र जल्दी - जल्दी बीमार हो जाता है | उसे पत्र लिखकर नियमित योग की सलाह दीजिए |

## Question 3

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा निम्न प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए |** 5

आज विठोबा बहुत खुश था | वह एक हरिजन बालक था | बापू ने हरिजन-उद्धार के लिए अनशन रखा था | उन्होंने बालक के सिर पर हाथ फेरते हुए कहा,`` बिठोबा मैं तुम्हारे लाए संतरे से ही अनशन तोड़ूँगा | " बिठोबा संतरे खरीदने के लिए पैसे जोड़ने लगा | किसी का बोझा उठा देता, किसी के यहाँ झाड़ू लगा देता और कभी किसी का कूड़ा बस्ती से दूर फैंक आता | वह इतने पैसे इकटठे करना चाहता था की दो-चार अच्छे संतरे खरीद सके, पर उसकी समस्या हल नहीं हो रही थी | कभी तो उसे आधा पैसा मिल जाता लेकिन ज़्यादातर लोग उसे बासी रोटी या फटा - पुराना कपड़ा देकर ही काम करवा लेते थे | बापू का अनशन टूटने का दिन भी गया | उन्होंने बिठोबा से कहा ,``कल संतरे लेकर ज़रूर आना, मैं तेरे संतरे से ही अनशन तोड़ूँगा |" बिठोबा सभीसे कहता फिरता ``कल बापू मेरे संतरे से अपना अनशन तोड़ेंगे |" लोग उसे सनकी समझते | वे हँसते हुए कहते,`` यह सौभाग्य तो बड़ों - बड़ों को भी दुर्लभ है, तुम किस गिनती में हो ! टांकरे भर-भर कर संतरे आ रहे हैं |" बिठोबा सोच में पड़ गया पर संतरे तो खरीदने ही थे |

उसे एक दुकान पर बड़े - बड़े और ताजे संतरे दिखे | उसने भाव पूछा तो उदास हो गया | बोला, `` ये तो बहुत महँगे हैं | मेरे पास तो चार ही आने हैं | मुझे बापू के लिए चार संतरे तो चाहिए ही, तभी तो एक गिलास रस निकलेगा |" एक संतरेवाले ने सड़े संतरे दिखाकर कहा, `` ये ले लो | तुझे ही तो खाने हैं ना !" बिठोबा की आंखे भर आई | वह गरीबी को कोस रहा था|

1. बापू ने अनशन क्यों रखा था ? 1
2. बापू ने बालक से क्या कहा ? 1
3. बिठोबा ने पैसे इकटठे करने के लिए क्या - क्या काम किए ? 1
4. लोगों ने बिठोबा को सनकी क्यों समझा ? 1
5. बिठोबा को कितने संतरे चाहिए थे ? 1

Scanned by CamScanner

tion 4

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचनानुसार लिखिए |

1. भूगोल , विज्ञान ( विशेषण बनाइए ) 1
2. मीठा , स्व ( भाववाचक संज्ञा बनाइए ) 1
3. कनिष्ठ , सुलभ ( विपरीतार्थक शब्द लिखिए ) 1
4. जो कम बोलता हो , जो मांस खाता हो ( वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए ) 1
5. लहर , घर ( पर्यायवाची शब्द लिखिए ) 2
6. हवाई किले बनाना , गाल बजाना ( मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ) 3
7. मेरा दोस्त नास्तिक है | ( `नहीं ' का प्रयोग कीजिए परंतु अर्थ न बदले ) 1
8. कक्षा मे छात्र शोर मचा रहे थे | ( लिंग बदलिए ) 1
9. गमले में फूल हैं | ( वचन बदलिए ) 1
10. जूते निकाल दो | ( वाक्य शुद्ध कीजिए ) 1

## SECTION `B' (40 MARKS )

**Attempt any four questions**

### Question 5

``सेठ हवेली पर पहुँचे तो धन्ना सेठ ने उठकर उनका स्वागत किया | पूछा ,`` कहो सेठ ! कैसे आना हुआ ?"

1. उपर्युक्त वाक्य के वक्ता व श्रोता का परिचय दीजिए | 2
2. सेठ , धन्ना सेठ से मिलने कहाँ और क्यों गए ? 2
3. सेठ को रास्ते में कौन मिला और उसकी दशा कैसी थी ? सेठ ने किस प्रकार उसकी सहायता की? 3
4. `सच्चा महायज्ञ ' किसे कहते है ? सेठ को महायज्ञ का क्या पुरस्कार मिला ? 3

### Question 6

``सोचने लगा,``यह दुनिया न्याय नगरी नहीं, अंधेर नगरी है |"

1. उपर्युक्त पंक्ति का संदर्भ स्पष्ट कीजिए | 2
2. रमज़ान का परिचय दीजिए | 2
3. `बात अठन्नी की ` पाठ में सामाजिक वर्ग–विषमता को दर्शाया गया है | कैसे ? स्पष्ट कीजिए | 3
4. ` बात अठन्नी की ` पाठ के शीर्षक का औचित्य समझाइए | 3

Scanned by CamScanner

**Question 7**

" रामनिहाल हतबुद्धि अपराधी- सा श्यामा को देखने लगा , जैसे उसे कहीं भागने की राह न हो "

1. रामनिहाल का परिचय दीजिए | 2
2. रामनिहाल हतबुद्धि अपराधी- सा श्यामा को क्यों देखने लगा ? 2
3. श्यामा ने रामनिहाल को क्या समझाया ? 3
4. ` संदेह ' शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए | 3

**Question 8**

**" निर्मम ही नहीं कायर भी | जिन संस्कारों में तुम पली हो, उन्हें तोड़ने की शक्ति तुम में नहीं है, माँ ! "**

1. उपर्युक्त वाक्य के वक्ता का परिचय दीजिए | 2
2. उपर्युक्त वाक्य वक्ता , श्रोता से क्यों कहता है ? 2
3. 'निर्मम' व 'कायर' शब्द का अर्थ बताते हुए बताइए कि इन शब्दों का प्रयोग किसके लिए और क्यों किया गया है ? 3
4. संस्कारों के बंधन में कौन बंधी हुई थी और इस कारण उन्होंने क्या कदम उठाया था ? क्या उनका यह कदम उचित था ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए | 3

**Question 9**

**``उसके साथ सैनिक भी हो सकते हैं , धाय माँ ! युद्ध में तुम्हारे प्राण जाएँगे और कुँवर जी भी न बचेंगे ``**

1. उक्त कथन का वक्ता और श्रोता कौन है ? परिचय दीजिए | 2
2. उक्त कथन वक्ता ने कब कहा ? 2
3. श्रोता ने कुँवर जी के प्राण बचाने के लिए क्या किया ? 3
4. " दीपदान, एकांकी देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है " कैसे स्पष्ट कीजिए | 3

**Question 10**

**``यही ....... यही कि मेरे पिता अंधे क्यों हुए | नहीं तो , नहीं तो ...... | ``**

1. उपर्युक्त वाक्य का वक्ता व श्रोता कौन है ? परेचय दीजिए | 2
2. वक्ता का वध किसने किया और कैसे ? 2
3. सुयोधन को दुर्योधन कहना कहां तक उचित है ? स्पष्ट कीजिए | 3
4. ' महाभारत की एक साँझ ' एकाँकी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए | 3

---

Scanned by CamScanner